बरेली, गुरुवार
20 फरवरी, 2025
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 18+4=22

दैनिक जागरण

PAGE NO 8 : TOP



एसआरएमएस रिद्धिमा में नाटक मंचन करते कलाकार • सौ. संस्था

# रहस्य से भरा रहा एक इंस्पेक्टर से मुलाकात नाटक

उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी और रिद्धिमा के संभागीय नाट्य समारोह में कलाकारों ने दी प्रस्तुति

जासं, बरेली : उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी और रिद्धिमा की ओर से आयोजित संभागीय नाट्य समारोह में बुधवार को नाटक एक इंस्पेक्टर से मुलाकात का मंचन हुआ। रहस्य और रोमांचक से भरे नाटक में मानवीय सहज संबंधों, मूल्यों आधुनिकता के दबाव से पैदा हुई घुटन को उठाया गया।

उच्च वर्ग की जीवन शैली पर केंद्रित नाटक ने इस वर्ग की कई खोखली परतों को परत दर परत उधेड़ा। जाने अनजाने अपराध की मानसिकता और उसकी परिणति के रूप में अपराध बोध के ग्रस्त इस नाटक में शहर के नामी उद्योगपति मिस्टर खन्ना के परिवार को केंद्र बिंदु बनाया। इसमें खन्ना की बेटी और शहर के दूसरे बड़े उद्योगपति मिस्टर कपूर के लड़के की सगाई हो रही है। अपने घर में छोटी सी पार्टी का इंतजाम है। घर के सभी सदस्य पार्टी का लुत्फ उठा रहे हैं। सभी दांपत्य जीवन में बंधने को तैयार युगल को बधाई और शुभकामनाएं दे रहे हैं। खाना और पीना चल रहा है। पार्टी पूरी तरह से अपने जोश में है, तभी एक पुलिस इंस्पेक्टर घर में प्रवेश करता है जो एक लड़की के सुसाइड मामले में उन सब से पूछताछ करता है। उसके आने से जश्न का सारा आनंद डर और संदेह में बदल जाता है। यहां से नए-नए रहस्य उजागर होते हैं। नाटक आर्ट एंड कल्चरल सोसाइटी, लखनऊ की ओर से प्रस्तुत किया। जेबी प्रीस्टले लिखित और सुदीप चक्रवर्ती निर्देशित नाटक का रूपांतरण सुरेंद्र शर्मा और प्रतिभा शर्मा ने किया। इस दौरान एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक देव मूर्ति, ट्रस्टी आशा मूर्ति, उषा गुप्ता, मुख्य अतिथि बरेली आकाशवाणी के कार्यक्रम प्रमुख डा. विनय वर्मा मौजूद रहे।